# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-160 | सागवाड़ा, शनिवार, 11 जनवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## गलियाकोट में छात्राओं के लिए बनेगा कॉलेज तो घाटा माविता क्षेत्र ईको टूरिज़्म के रूप में डेवलप होगा

- सागवाडा से गौरेश्वर होते हुए दिवडा, सिलोही गलियाकोट तक की सड़क बनेगी
- गायत्री शक्ति पीठ से गोवाडी तक की सड़क बनायी जाएगी जो डूंगरपुर पूर्व मुख्य मार्ग को जोड़ेगी।

**सागवाडा।** अशोक गहलोत ने अपनी इस सरकार के अंतिम बजट मे सागवाडा विधानसभा के लिये भी घोषणा की है। गलियाकोट में छात्राओं के लिये कालेज की घोषणा स्वागत योग्य कदम है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने इस अंतिम बजट में भी सैकड़ों विधानसभा क्षेत्र को कई सौगातें दी है ख़ासकर सड़कों के मामले में जो लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों को इस बजट में शामिल किया गया है साथ ही घाटा मई तक क्षेत्र को पर्यटक रूप में विकसित करने की घोषणा भी की गई है। सागवाडा विधायक रामप्रसाद डेंडोर ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने इस बजट में सागवाडा विधानसभा क्षेत्र को तीन बड़े सड़क दी है। जिसमें सागवाडा से गौरेश्वर होते हुए दिवडा, सिलोही गलियाकोट तक की सड़क बजाने की माँग लंबे समय से की जा रही थी जिसे इस बजट में ले लिया गया है। इसी तरह गड़ा लालसिंह आरा मशीन से सादिया फला CHC बुचिया बड़ा तक 7 किमी की सड़क बनायी जाएगी। बिलिया बड़गाम में जनजाति बालिका छात्रावास बनाने की घोषणा भी बजट में की गई है। इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण घोषणा है माविता घाटा को इको टूरिज़्म के रूप में डेवलपमेंट करना। सागवाडा नगर पालिका के चेयरमैन नरेंद्र खोडनिया दिया बताते हैं कि शहर से क़रीब घाटा माविता की पहाड़ियों को पर्यटन रूप में स्थापित किया जाएगा।

इससे न सिर्फ़ शहर को फ़ायदा होगा बल्कि आस पास के गाँव में भी विकास की संभावना बढ़ेगी। शहरी क्षेत्र में 20 किमी सड़कों की घोषणा का भी पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने स्वागत किया है। इसके अलावा भी गायत्री शक्ति पीठ से गोवाडी तक की सड़क बनायी जाएगी जो डूंगरपुर पूर्व मुख्य मार्ग को जोड़ेगी।

### डूंगरपुर के बिछीवाड़ा में बनेगा ट्रॉमा सेंटर-वेद स्कूल, मिल्क चिलिंग प्लांट और चौरासी में कृषि उपज मंडी बनेगी

डूंगरपुर जिले के लिए सबसे बड़ी घोषणा नेशनल हाईवे-48 पर बिछीवाड़ा में ट्रॉमा सेंटर की रही। नेशनल हाईवे पर ट्रॉमा सेंटर की मांग 20 सालों से चल रही थी, जो इस बार पूरी हो गई। ट्रॉमा सेंटर खुलने से हाईवे पर होने वाली घटना-दुर्घटना में घायलों को तुरंत इलाज मिल सकेगा और उनकी जान बचाई जा सकेगी।- जिले में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 100 बेड का विवेकानंद यूथ होस्टल खुलेगा। वहीं ब्लॉक मुख्यालयों पर सावित्री बाई वाचनालय व डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा भी की गई है। बेणेश्वर मेले में आने वाले श्रद्धालुओ को रोडवेज की बसों में 50 फीसदी की टिकट में छूट की भी राहत दी गई है। बजट में सागवाडा को बहुत कुछ मिला है। गलियाकोट में छात्राओं के लिए कॉलेज और घाटा माविता क्षेत्र ईको टूरिज़्म के रूप में डेवलप करने की घोषणा स्वागत योग्य है। सागवाडा से गौरेश्वर होते हुए दिवडा, सिलोही गलियाकोट तक की सड़क बनेगी साथ ही गड़ा लालसिंह आरा मशीन से सादिया फला CHC बुचिया बड़ा तक 7 किमी की सड़क बनायी जाएगी। प्रत्येक पंचायत स्तर पर एक किलोमीटर की सड़क बनाने की घोषणा भी स्वागत योग्य है।

**रामप्रसाद डेंडोर,**
**विधायक सागवाडा।**

## सागवाड़ा में अवैध हुक्का बार पर छापेमारी का स्वागत लेकिन शराब की अवैध होटलों पर कब होगी कार्रवाई ?

### हुक्के, तंबाकू समेत कई वस्तुएं बरामद, संचालक गिरफ्तार

**सागवाड़ा।** सागवाडा थाना पुलिस ने अवैध हुक्का बार के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने हुक्का बार से कई हुक्के, तंबाकू समेत कई वस्तुएं बरामद की हैं। वहीं, हुक्का बार संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। इधर पुलिस की इस कार्रवाई का शहरवासियों ने स्वागत किया है लेकिन दूसरी ओर यह भी बात की जा रही है किसागवाडा शहर के आस पास चल रही शराब की अवैध होटलों पर पुलिस कब कार्रवाई करेगी ?

बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले इस तरह की होटल बंद हो गई थी लेकिन अब शराब की अवैध होटलों का संचालन में वापस शुरू हो गया है। सागवाड़ा थानाधिकारी हिमांशु सिंह ने बताया की एसपी राशि डोगरा की ओर से अवैध मादक पदार्थों और गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार रात को प्रोबेशनर एसआई मीना कुमारी, कॉन्स्टेबल भूपेंद्र सिंह, भानुप्रताप सिंह, यशपाल सिंह, बापुलाल की टीम ने कार्रवाई की।

सागवाड़ा से बांसवाड़ा रोड पर आरा बस स्टैंड मोड़ के पास चिलिंग पॉइंट नाम से चल रहे हुक्का बार पर छापेमार की। छापेमारी होते ही हुक्का बार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से अवैध हुक्के, तंबाकू युक्त फ्लेवर, सिल्वर पेपर, कॉइल, चारकोल टैबलेट, कोयले के पैकेट बरामद किए है। वहीं, हुक्का बार चलाने वाले भाविक (22) पुत्र रमेश पाटीदार निवासी सेमलिया घाटा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। हर मार्ग पर शराब के अवैध होटल- सागवाडा शहर की सीमा क्षेत्र में हर मार्ग पर शराब के अवैध होटल संचालित है। ऐसे ही कुछ होटलों में धड़ल्ले से बैठाकर शराब पिलाई और परोसी जा रही है। चाहे गौरेश्वर मार्ग, बांसवाड़ा, गलियाकोट, डूंगरपुर, आसपुर इन सभी मार्गों पर ऐसी होटलों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है रहा है ।

## SMS अस्पताल का विकल्प बनेगा RUHS

**जयपुर।** राजस्थान के सबसे बड़े हॉस्पिटल सवाई मानसिंह (SMS) में बढ़ते पेशेंट लोड को कम करने के लिए अब उसके विकल्प के तौर पर आरयूएचएस को तैयार किया जाएगा। सरकार ने इस साल से यहां सुपर स्पेशियलिटी के 4 डिपार्टमेंट के अलावा गाइनो, ऑर्थो, ईएनटी, पीडियाट्रिक और आई डिपार्टमेंट की यूनिट्स खोली जाएगी। वर्तमान में इस 1200 बैड्स की कैपेसि

## बारात की बस और निजी ट्रेवल्स पर पथराव

### कांच टूटने से डरे बाराती और सवारियां, पुलिस के पहुंचने से पहले भाग गए आरोपी

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले में हाईवे पर चलने वाली गाड़ियों पर पथराव और लूटपाट जैसी वारदातें बढ़ गई है। गुरुवार रात को डूंगरपुर में 2 जगहों पर पथराव हुआ, जिसमें एक बारात की बस और एक निजी ट्रेवल्स की बरस के कांच टूट गए।

पथराव से लोग डर गए। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई है। वहीं पिछले 2 दिनों में 4 बसों पर पथराव की घटनाएं हुई है। निजी ट्रेवल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार ने बताया जिले में सड़कों पर आए दिन गाड़ियों पर पथराव हो रहा है। गुरुवार रात को थाणा से कल्याणपुर (उदयपुर) की एक बारात लौट रही थी। बस में बैठे बाराती मौज मस्ती में थे। इस दौरान देवल से आगे जाते ही कुछ बदमाशों ने बस पर पथराव शुरू कर दिया।

इससे बस के करीब 4 कांच टूट गए और बाराती डर गए। ड्राइवर ने बस को रोका नहीं और सीधे खेरवाड़ा थाने में ले गया और पथराव की घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर डीएसपी राकेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। वहीं दूसरी घटना डूंगरपुर शहर में तहसील चौराहा और कलेक्ट्री रोड पर हुई। जाखड़ ट्रेवल्स की बस डूंगरपुर से सवारियां लेकर जोधपुर जा रही थी। तहसील चौराहा के पास बाइक पर आए 2 बदमाशों ने बस पर पत्थर मारा, जिससे बस का कांच क्रैक हो गया। यहां से बस कलेक्ट्री के पास पहुंची तो बाइक सवार बदमाशों ने फिर पत्थर मारा। इस पर ड्राइवर ने बस रोकी, लेकिन बाइक सवार बदमाश भाग गए। पत्थर से बस के 2 शीशे टूट गए। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में जुट गई।

## सीएम साहिब, योगी जैसा काम करके दिखाओं, माफियाओं के बुलडोजर चलाओं

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव से पहले मौजूदा कार्यकाल में आखिरी बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सौगातों का पिटारा खोल दिया। वित्त विभाग भी संभालने वाले गहलोत ने महंगाई से राहत दिलाने वाले कई ऐलान किए। 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली के साथ ही उन्होंने मुफ्त दाल, नमक, चीनी, तेल और मसाला देने वाली योजना का भी ऐलान किया।

मुख्यमंत्री ने अगले वित्त वर्ष में निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना शुरू करने का ऐलान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाले 1 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

## ACB ने DSP को लिया हिरासत, एसआई ने NRI से मांगी थी रिश्वत

**उदयपुर।** उदयपुर में रिश्वत के एक मामले में DSP जितेन्द्र आंचलिया को एसीबी टीम ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया हैं। जयपुर ACB टीम आंचलिया से एसआई द्वारा मांगी रिश्वत के बारे में पूछताछ कर रही हैं। संभवतया पूछताछ के बाद आंचलिया को देर रात तक गिरफ्तार भी किया जा सकता हैं। जयपुर एसीबी की टीम उदयपुर के एसीबी ऑफिस में आंचलिया से पूछताछ कर रही हैं।

एडीजी दिनेश एमएन के निर्देश पर टीम यह कार्रवाई की जा रही है। एएसपी पुष्पेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जितेन्द्र आंचलिया से टीम पूछताछ हो रही हैं। दरअसल सुखेर थाने के सब इंस्पेक्टर पर आंचलिया के नाम पर एक एनआरआई से रिश्वत लेने का आरोप था। इस मामले में बीते दिनों एसआई रोशनलाल को सस्पेंड भी किया गया था। कहा जा रहा हैं कि जमीन विवाद में दो पक्षों के समझौता करवाने के मामले में आंचलिया की संदिग्ध भूमिका सामने आई थी। सुखेर थाने के तत्कालीन सब इंस्पेक्टर रोशनलाल खटीक ने आंचलिया के नाम पर रिश्वत मांगी थी। आंचलिया पर पीड़ित पक्ष पर जबरन समझौता करवाने का भी आरोप हैं।

वहीं सुखेर के तत्कालीन थानाधिकारी दलपतसिंह को भी टीम ने पूछताछ के लिए बुलाया। उनसे भी इस बारे में पूछताछ की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों एसीबी की टीम आंचलिया को पकड़ने की तैयारी कर रही थी। बता दे कि कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में भी डीएसपी आंचलिया सस्पेंड हो चुके हैं। हालांकि बाद में उन्हें क्लिन चीट मिल गई थी। जितेन्द्र आंचलिया उदयपुर के कई थानो में थानाधिकारी भी रह चुके हैं।

## सीएम गहलोत के बजट में बचत, राहत और बढ़त की सौगात

### किसानों को 2 हजार यूनिट मुफ्त बिजली

### राजस्थान में अब 25 लाख रुपये तक इलाज मुफ्त

### 3 घंटे 20 मिनट तक चला बजट भाषण

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को अपना दसवां बजट पेश किया। आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मुफ्त योजनाओं की बाढ़ ला दी।

हालांकि सबसे ज्यादा उम्मीदें नए जिलों की घोषणा की थीं, लेकिन गहलोत ने साफ कर दिया है कि रामलुभाया कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद उस पर विचार करेंगे। यह बजट 2028 को टारगेट रखकर पेश किया गया है। अशोक गहलोत ने तीन घंटे बीस मिनट तक बजट भाषण दिया।

यह अब तक का सबसे लंबा बजट भाषण है। सबसे लंबे बजट भाषण का रिकॉर्ड अब अशोक गहलोत के नाम है। उन्होंने करीब 12 बजकर 26 मिनट पर भाषण शुरू किया और 3 बजकर 46 मिनट पर खत्म किया। पिछले साल भी उन्होंने डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक भाषण दिया था।




सीएम गहलोत ने पिछले साल का बजट भाषण पढ़ा, बाद में सदन में माफी मांगी

## डूंगरपुर में हेड कॉन्स्टेबल 6 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### मारपीट के मामले को हल्का करने की एवज में मांगी थी रिश्वत

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर एसीबी की टीम ने सदर थाने की देवल पुलिस चौकी के इंचार्ज को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने आरोपी हेड कॉन्स्टेबल ईश्वरलाल खराड़ी को 6 हजार रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ा है। चौकी इंचार्ज ने पीड़ित से मारपीट के एक मामले में परिवार के युवकों को आरोपी नहीं बनाने, बाइक जब्त नहीं करने और मामले को हल्का करने की एवज में रिश्वत मांगी थी।एसीबी के डीएसपी हेरम्ब जोशी ने बताया कि 6 फरवरी को बड़का फला देवल निवासी थावरचंद पुत्र सोमाजी कोटेड ने डूंगरपुर एसीबी चौकी में लिखित शिकायत दी थी। उसने बताया कि उसके भतीजे विशाल, करण, विष्णु, हार्दिक और लोकेश के खिलाफ सदर थाने में मारपीट का मामला दर्ज हुआ था।

इस पर देवल पुलिस चौकी के प्रभारी ईश्वरलाल खराड़ी ने चारों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया था। मामले में 2 बाइक जब्त नहीं करने, अन्य युवकों को मुलजिम नहीं बनाने, केस को हल्का करने, जब्तशुदा मोबाइल और कानों के सोने की बूटी को देने की एवज में 21 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है, जिसमें से 11 हजार रुपए पहले ही ले चुका है और अब 10 हजार की डिमांड कर रहा है। डीएसपी जोशी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर एसीबी ने 7 फरवरी को शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। शिकायत के सत्यापन के बाद शुक्रवार को एसीबी की टीम ने ट्रैप की योजना बनाई और पीड़ित को 6 हजार रुपए देकर देवल पुलिस चौकी भेजा। पीड़ित ने रिश्वत के रुपए देने के बाद एसीबी की टीम को इशारा किया तो टीम ने आरोपी हेड कॉन्स्टेबल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## सीएम अशोक गहलोत बजट पेश करते हुए

### टैक्स

- कोई नया टैक्स नहीं लगाने की घोषणा। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री की कीमतें हर साल 10 फीसदी की जगह 5 फीसदी ही बढ़ेगी।
- आबकारी एमनेस्टी स्कीम में ब्याज छूट, मूल राशि में 50 फीसदी छूट।

### युवा-रोजगार

- 500 करोड़ रुपए का युवा कल्याण कोष का गठन किया जाएगा।
- भर्तियां समय पर की जाएंगी। पेपर लीक को रोकने के लिए एसओजी के अधीन आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जो पेपर लीक रोकने के कदम उठाएगी।
- हर जिले में ऑनलाइन परीक्षा केंद्र खोले जाएंगे, 250 करोड़ की लागत आएगी।
- सभी भर्ती परीक्षाएं अब फ्री होंगी, भर्ती परीक्षाओं में किसी तरह की फीस नहीं ली जाएगी।
- जिला मुख्यालयों पर 75 करोड़ की लागत से विवेकानंद यूथ हॉस्टल बनेंगे, परीक्षाओं में जाने वाले युवा इनमें रुक सकेंगे।
- मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना शुरू होगी, खुद का उद्योग लगाने के लिए 5 लाख तक की मार्जिन मनी दी जाएगी।
- जोधपुर, कोटा में नए प्लैनेटोरियम बनेंगे।
- 100 फूड अधिकारियों की भर्ती होगी।
- इंडस्ट्रियल इलाकों में विश्वकर्मा एमएसएमई टॉवर बनेगा।

### महिलाएं व बच्चे

- महिलाओं को एक लाख तक के लोन पर 8 फीसदी सब्सिडी।
- 8000 आंगनबाड़ी और 2000 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खुलेंगे।
- 1 से 8 तक के स्कूली बच्चों की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को भी दो सेट यूनिफार्म मिलेगा।
- दिव्यांग लड़की से शादी करने पर 5 लाख रुपए देगी गहलोत सरकार।
- स्कूली बच्चों को मिड डे मील में हर दिन दूध मिलेगा।

### कर्मचारी

- सीएम अशोक गहलोत ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा का जिक्र करते हुए ओपीएस लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम अपने कर्मचारियों को स्टॉक मार्केट के भरोसे नहीं छोड़ेंगे।
- सभी बोर्ड, निगमों, यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों को भी अब ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। करीब एक लाख कर्मचारियों को इसका फायदा होगा। अब तक 2004 के बाद खुले बोर्ड, निगम और यूनिवर्सिटीज के एक लाख के करीब कर्मचारियों को ओपीएस की जगह एनपीएस ही मिल रहा था। अब प्रदेश में सभी सरकारी और बोर्ड-निगमों के कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ मिलेगा।

### किसान

- कृषक कल्याण कोष 5000 करोड़ से बढ़ाकर 7500 करोड़ किया।
- राजस्थान युवा कृषक कौशल मिशन शुरू होगा।
- अगले दो साल में 50 हजार किसानों के खेतों पर तालाब बनाए जाएंगे, 200 करोड़ का बजट।
- किसानों को प्लास्टिक लाइन, स्प्रिंकलर, डिग्गी पर अनुदान बढ़ाया।
- 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप इरिगेशन।
- 23 लाख किसानों को मुफ्त बीज किट दिए जाएंगे।
- आठ लाख छोटे किसानों को संकर बाजरा के मिनी किट बांटे जाएंगे।
- बाजरे को इंदिरा रसोई में शामिल किया जाएगा।
- 20 लाख किसानों को सब्जियों के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।
- सिरोही में अंजीर का एक्सीलेंस सेंटर बनेगा, सवाई माधोपुर में अमरूद एक्सीलेंस सेंटर खुलेगा।
- खेतों की तारबंदी के लिए 200 करोड़ की लागत से 1 लाख किसानों को फायदा दिया जाएगा। किसानों को खेत की तारबंदी पर 70 फीसदी सब्सिडी।
- किसान युवाओं को 1000 ड्रोन खरीदने के लिए 4-4 लाख रुपए की सब्सिडी दी जाएगी, इन ड्रोन का इस्तेमाल खेतों में कीटनाशकों, नैनो यूरिया के छिड़काव में काम लिया जाएगा।
- किसान अब मोबाइल ऐप से खुद गिरदावरी कर सकेंगे।

## बजट की सबसे बड़ी घोषणाएं-

1. 11 लाख किसानों को हर महीने 2 हजार यूनिट तक मुफ्त बिजली। अब तक हर महीने 1000 रुपए की छूट थी, जिसे बढ़ाकर अब 2000 यूनिट तक कर दिया है। 2000 यूनिट हर महीने खर्च होने तक कोई बिल नहीं आएगा।
2. रोडवेज में महिलाओं को अब आधा किराया ही देना होगा। रोडवेज किराए में छूट को 30 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने की घोषणा।
3. हाईराइज बिल्डिंग को पीएचईडी पानी सप्लाई करेगा। यानी फ्लैट्स तक जलदाय विभाग नल कनेक्शन देगा।
4. सभी बोर्ड, निगमों, यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों को भी अब ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। करीब एक लाख कर्मचारियों को इसका फायदा होगा।
5. संविदा कर्मचारियों का अब पहले का एक्सपीरियंस गिना जाएगा, कॉन्ट्रैक्ट सर्विस रूल्स में पुराने अनुभव का लाभ मिलेगा, दो लाख संविदा कर्मचारियों को होगा फायदा।
6. सीएम ने बजट में नए जिलों की घोषणा नहीं की। उन्होंने कहा- कमेटी की रिपोर्ट मिलने पर उसके आधार पर विचार किया जाएगा।
7. कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को सरकारी नौकरी की घोषणा।
8. कैला देवी, रामदेवरा, अजमेर दरगाह, पुष्कर, खाटूश्याम, गोगामेड़ी, बेणेश्वर धाम, पांडूपोल अलवर, बुड्ढा जोहड़ गंगानगर, बीकानेर मुकाम धाम के लक्खी मेलों में जाने वाले रोडवेज बसों में श्रद्धालुओं को 50 प्रतिशत किराए में छूट मिलेगी।
9. किसानों को खेत पर मकान बनाने के लिए हाउसिंग लोन पर 5 फीसदी का ब्याज अनुदान।
10. जिला प्रमुख, प्रधान, सरपंच, एसडीएम, तहसीलदार, वीडीओ और पटवारी को टैबलेट देने की घोषणा।
11. लंपी से मरी गायों पर मुआवजा देने की घोषणा, 40 हजार रुपए मुआवजा मिलेगा।